# दिनांक 27.07.2022 को जिलाधिकारी /अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 27.07.2022 को जिलाधिकारी खीरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन (फेस–3) के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट सभागार खीरी में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित रहे।

1– जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी।
2– मुख्य विकास अधिकारी लखीमपुर खीरी।
3– जिला विकास अधिकारी लखीमपुर खीरी।
4– प्रभागीय वनाधिकारी लखीमपुर खीरी।
5– जिला थारू जनजाति के विकास कार्यो के परियोजना अधिकारी ।
6– जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी।
7– अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, प्रथम लखीमपुर खीरी ।
8– अधिशासी अभियन्ता ग्राउन्ड वाटर, नलकूप खण्ड, प्रथम लखीमपुर खीरी।
9– जिला सूचना अधिकारी एवं जनसम्पर्क अधिकारी लखीमपुर खीरी।
10– जिला पंचायत राज अधिकारी, लखीमपुर खीरी।
11– सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई।
12– अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, जल निगम लखीमपुर खीरी।

बैठक में सर्वप्रथम जल जीवन मिशन से सम्बन्धित कराये जाने वाले कार्यों एवं इस योजना से सम्बन्धित जारी दिशा निर्देशों की जानकारी उपस्थित सभी अधिकारियों को दी गयी। जिसमें अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन (फेज–3) के अन्तर्गत मैसर्स विन्ध्या टेलेलिंक्स लि0 गाजा इन्जीनियरिंग प्रा0लि0 जे.वी. , क्लव–125 , छठा तल, टावर–ए, प्लाट न0–3,4 एवं 5 , सेक्टर–125, नोयडा (उ0प्र0) द्वारा विरचित 36 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के डी0पी0आर0 खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम लखीमपुर खीरी में प्रस्तुत किये गये थे, जो जांचोपरान्त तकनीकी स्वीकृति हेतु मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम लखनऊ को प्रेषित किये गये थे, समस्त 36 नग डी0पी0आर0 की तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम लखनऊ द्वारा प्रदान कर दी गयी है।

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव द्वारा 36 नग पाइप पेयजल योजनाओं के डी0पी0आर0 जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये गये, जिसमें 16 नग डी0पी0आर0 में रोड कटिंग एवं पुनर्स्थापना की लागत निर्धारित मानक 25 प्रतिशत से अधिक है जिसके सम्बन्ध में सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त डी0पी0आर0 में रोडकटिंग की जांच जल निगम के सहायक अभियन्ता, जूनियर इंजीनियर एवं मै0 वी0टी0एल0 फर्म के अभियन्ताओं द्वारा कर ली गयी है जिसका प्रमाण पत्र सम्बन्धित डी0पी0आर0 में संलग्न है। उक्त 36 नग डी0पी0आर में से 4 नग डी0पी0आर0 क्रमशः रायपुर (वि0खण्ड बिजुआ) लालापुर एवं बथुआ (वि0खण्ड निघासन) तथा बिलहरी (वि0खण्ड कुम्भी गोला) का परीक्षण अध्यक्ष महोदय द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 लखीमपुर खीरी द्वारा किया गया है जिसमें डी0पी0आर0 सही पाये गये हैं। उपरोक्त समस्त 36 नग डी0पी0आर0 पर जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा विस्तृत विचार विमर्श किया गया। प्रस्तुत की गयी उपरोक्त 36 नग परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र0सं0 | विकास खण्ड का नाम | परियोजना का नाम | परियोजना की कार्य कुल लागत (रू0 लाख में ) |
|---|---|---|---|
| 1 | बिजुआ | लगुचा | 176.640 |
| 2 | बिजुआ | ईटकुटी | 271.689 |
| 3 | बिजुआ | अलियापुर | 291.295 |
| 4 | बिजुआ | नौसरजोगी | 321.289 |
| 5 | बिजुआ | पिपरा खुर्द | 240.767 |
| 6 | कुम्भी गोला | अल्लीपुर | 288.250 |
| 7 | कुम्भी गोला | बगधौन | 281.293 |
| 8 | कुम्भी गोला | बिलहरी | 312.707 |
| 9 | नकहा | उमरिया– जिगनिया | 335.552 |
| 10 | नकहा | रामापुर रौली | 326.00 |
| 11 | नकहा | बसैगापुर | 231.561 |
| 12 | नकहा | मटेही | 255.306 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13 | निघासन | मिर्जागंज | 242.300 |
| 14 | निघासन | लालपुर | 263.925 |
| 15 | निघासन | मोहबतिया बेहड़ | 228.611 |
| 16 | निघासन | बथुआ | 255.392 |
| 17 | फूलबेहड़ | बरौला | 356.242 |
| 18 | फूलबेहड़ | कोरारा | 345.070 |
| 19 | फूलबेहड | पिपरागूम | 294.316 |
| 20 | फूलबेहड | रामनगर खुर्द, पकरिया | 373.429 |
| 21 | फूलबेहड | अमृतापुर, मुड़िया खुर्द | 342.713 |
| 22 | फूलबेहड | करधिया मानपुर, जंगल न0 10 | 424.026 |
| 23 | लखीमपुर | मुड़िया खेड़ा | 234.221 |
| 24 | लखीमपुर | बेहड़ा | 204.215 |
| 25 | लखीमपुर | रजौरा | 155.144 |
| 26 | लखीमपुर | खेतौसा | 167.820 |
| 27 | लखीमपुर | भल्लिया बुजुर्ग | 229.719 |
| 28 | लखीमपुर | रूकुन्दीपुर | 214.879 |
| 29 | लखीमपुर | जिगनहा खानपुर | 189.663 |
| 30 | रमियांबेहड़ | सेमरा बाजार | 187.015 |
| 31 | बांकेगंज | बाबरपुर | 237.434 |
| 32 | बिजुआ | रायपुर | 333.313 |
| 33 | कुम्भी गोला | हरिनगर ग्रन्ट, भुदारगंज | 266.694 |
| 34 | निघासन | उमरा | 287.119 |
| 35 | बांकेगंज | बहारगंज | 212.086 |
| 36 | कुम्भी गोला | कन्धरापुर | 242.032 |

उक्त 36 नग परियोजनाओं के डी0पी0आर0 निर्धारित मानक के अनुसार सही पाये गये जिनकी वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा प्रदान की गयी।

अन्त में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि समिति में लिये गये निर्णय के क्रम में उक्त 36 नग परियोजनाओं का डी0पी0आर0 (निर्धारित प्रारूप–44 कालम पर) अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को प्रेषित किया जाय। तत्पश्चात सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी ।

अधिशासी अभियन्ता
जल निगम
सदस्य सचिव

सहायक अभियन्ता
लघुसिंचाई

जिला पंचायत
राज अधिकारी,
लखीमपुर
खीरी।

जिला थारू जनजाति के
विकास कार्यो के
परियोजना अधिकारी

अधिशासी अभियन्ता,
नलकूप खण्ड
लखीमपुर खीरी।

जिला सूचना
अधिकारी,
लखीमपुर
खीरी।

मुख्य
चिकित्साधिकारी
लखीमपुर खीरी।

अधिशासी
अभियन्ता,
सिंचाई खण्ड
प्रथम लखीमपुर
खीरी।

प्रभागीय
वनाधिकारी
लखीमपुर खीरी।

27.7.22

27-07-22

जिला विकास
अधिकारी लखीमपुर
खीरी।

मुख्य विकास अधिकारी
लखीमपुर खीरी।
उपाध्यक्ष

जिलाधिकारी
लखीमपुर खीरी।
अध्यक्ष